Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct a pucca bridge on river Ganga between Prayagraj and Bhadohi districts in Uttar Pradesh-laid

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद) : प्रयागराज से दो नदियों का प्रवाह है - गंगा व यमुना नदियां । इस जनपद का ग्रामीण क्षेत्र दो भागों में बंटा है - गंगापार व यमुनापार । मेरा संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद 80 प्रतिशत यमुनापार में है । संगम से जब गंगा नदी मिर्जापुर की ओर बढ़ती है तो 100 किलोमीटर तक नदी पर कोई पुल नहीं है जिसके कारण यमुनापार व गंगापार के बीच सम्पर्क केवल या तो प्रयागराज नगर अथवा मिर्जापुर से सड़क मार्ग द्वारा ही संभव होता है । इसमें लगभग 50 से 100 किलोमीटर का अंतर आता है । इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र को गंगापार से जोड़ने के लिए मेजा तहसील में पीपे का पुल बनाया जाता है । यह लगभग एक किलोमीटर लम्बा होता है । प्रतिवर्ष वर्षा ऋतु में इसे हटा लिया जाता है और आवागमन हेतु लोग नाव का सहारा लेते हैं । विगत वर्षों में नदी में डूब कर कई जानें जा चुकी हैं । 2001 से लगातार पन्टून पुल बनाया जाता है, वह प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सीतामढ़ी व बाबा महाराज को भी आपस में जोड़ता है ।

अतः प्रयागराज जनपद को मेजा तहसील स्थित मदरा व भदोही जनपद के टेला स्थित छोर पर पक्का पुल का बनाया जाना अति आवश्यक है ।